## किसान मेला – सह–प्रदर्शनी में संस्थान की सहभागिता
## दिनांक 18.02.2025

खरपतवार अनुसंधान संस्थान, जबलपुर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) द्वारा आयोजित दिनांक 18.02.2025 को एक दिवसीय किसान मेला – सह–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा प्रतिभागिता की गई। राज्य वन अनुसंधान संस्थान द्वारा एक दिवसीय किसान मेला – सह–प्रदर्शनी में औषधीय पौधों, महत्वपूर्ण प्रजातियाँ एवं लाख कीट के संरक्षण एवं संवर्धन का जीवंत प्रदर्शन किया गया। विगत 100 वर्षो में संस्थान द्वारा किये गये अनुसंधान एवं शोध कार्यो, औषधीय एवं सगंध पौधों के संरक्षण, संवर्धन एवं उन्नत खेती के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।

लाख कीट पर अनुवांशिक संसाधनों के संरक्षण, नेटवर्क परियोजना के अंतर्गत लाख कीट का पर्यावरण महत्व, कृषिकरण तकनीक, लाख के उत्पाद एवं उनसे उत्पन्न अतिरिक्त आय के स्त्रोत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई। जबलपुर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 1500 आगंतुकों (किसान, विद्यार्थी एवं उद्यमी) को संस्थान की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्रदाय की गई।

मेला में विशिष्ठ अतिथि माननीया श्रीमति सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद राज्यसभा एवं माननीय श्री जगत बहादुर सिंह "अन्नू" महापौर, जबलपुर, डॉ. पी. के मिश्रा, कुलपति, जे.एन.के.विवि जबलपुर एवं डॉ. मनदीप शर्मा, कुलपति, एन.डी.वी.एस.यू ने भी संस्थान के प्रदर्शन का अवलोकन कर सराहना की गई।






Shot on OnePlus | HASSELBLAD
Shailendra Nema | 2025.02.18 13:00


उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (TFRI),
राज्य वन अनुसंधान संस्थान (SFRI), जबलपुर
Shot on OnePlus | HASSELBLAD
Shailendra Nema | 2025.02.18 12:31